हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025



### स्टॉल संचालकों की मनमानी का यात्री भुगत रहे खामियाजा

# रेलवे स्टेशन में 15 का रेल नीर 20 में बिक रहा, यात्रियों की जेब पर डाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की प्यास बुझाने वाला रेल नीर 15 की जगह 20 रुपए में बिक रही है। इस तरह यात्रियों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। ऐसे स्टॉल संचालकों पर कार्रवाई करने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में गाफिल हैं। जिसका खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

दरअसल रेलवे द्वारा रेल नीर की कीमत 15 रुपए तय की गई है। इससे अधिक स्टॉल संचालकों को लेना ही नहीं है, लेकिन स्टॉल संचालक इसे 20 रुपए में बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ रेलवे के अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है। बावजूद इसके दुकानदार यात्रियों से मनमानी वसूली कर रहे हैं। इस बात की जानकारी मिलने पर हरिभूमि के रिपोर्टर शनिवार की रात रेलवे स्टेशन पहुंचे और प्लेटफार्म नंबर 2 के एक स्टॉल पर पानी का दाम पूछा, तब स्टॉल संचालक ने 20 रुपए कहा और 20 रुपए ले भी लिया। इसी तरह रविववार की सुबह भी रिपोर्टर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक स्थित स्टॉल में पहुंचे तब वहां भी स्टॉल संचालक ने रेल नीर का 20 रुपए लिया। जब रिपोर्टर ने स्टॉल का फोटो खींचा तो दुकानदार तत्काल बाहर आकर 5 रुपए वापस किया और फोटो खींचने से मना करने लगा। इस तरह स्टेशन में आम यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है।




### यात्रियों की मजबूरी का उठाते हैं फायदा

लंबी यात्रा के दौरान जब ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर रूकती है तो प्यास बुझाने के लिए लोग वाटर कूलर व स्टॉलों की ओर भागते हैं। वाटर कूलर में ठंडा व शुद्ध पानी नहीं मिलने से लोगों को पानी बोतल खरीदना पड़ता है। इस दौरान स्टॉल संचालक रेल नीर का 20 रुपए लगाते हैं, जब कोई यात्री विरोध करता है तो दुकानदार बहस करने लग जाते हैं। ऐसे में ट्रेन छूटने की हड़बड़ी में यात्री 20 रुपए दे देते हैं। इस तरह स्टॉल संचालक यात्रियों के मजबूरी का फायदा उठाते हैं।

### उपभोक्ता अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन

यह मामला सीधे-सीधे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। नियम के अनुसार किसी भी पैकेज्ड प्रोडक्ट को उसकी एमआरपी से अधिक दाम पर बेचना गैरकानूनी है। रेल नीर की बोतल पर भी 15 रुपए का एमआरपी लिखा होता है, लेकिन स्टॉल वाले खुलेआम कानून तोड़ रहे हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई योग्य अपराध है, लेकिन यात्रियों में जानकारी और जागरूकता की कमी के कारण इस पर कार्रवाई नहीं हो पा रही। रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर यह स्थिति नई नहीं है। यात्रियों की शिकायतों के बावजूद प्रशासन अब तक ठोस कार्रवाई करने में नाकाम रहा है।

जब भी हमारे पास इस तरह की शिकायत लिखित रूप से आती है तब हम एक्शन लेते हैं और संबंधित स्टॉल संचालक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हैं। फिलहाल हाल में इस तरह की शिकायत नहीं आई है।

**विजय कोरी,**
सीआई, रेलवे स्टेशन, रायगढ़

## शादी का वादा कर युवती की लूटी आबरू, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी का प्रलोभन देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी सनत झारा 23 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव एकताल से दबिश देकर पकड़ा और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा है। पीड़िता जो पड़ोसी जिले की रहने वाली है और रायगढ़ में काम करती है ने महिला थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आवेदन के अनुसार आरोपी सनत झारा से उसके कार्यस्थल पर परिचित हुआ और अगस्त 2024 से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। कई बार मना करने पर भी उसने अलग-अलग जगहों पर जबरन संबंध बनाए और बाद में दूसरी जाति का हवाला देकर शादी से इंकार कर दिया। आरोपी ने 24 सितंबर को रायगढ़ स्थित युवती के किराए के मकान में पहुंचकर पीड़िता से मारपीट भी की। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। इसके बाद पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।






खबर संक्षेप

## आरजीटीए की मांग का असर खोले गए राष्ट्रीय राजमार्ग



**राउरकेला।** बीते कई वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत देव गांव तरकेरा मंदिर निकट प्रतिबंधित मार्ग के उपर से हाई टेंशन तार हटाने के बाद आम जनता के लिए खोल दिया गया है। एनएच के इस कदम से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है और क्षेत्रवासियों को आने जाने में विशेष सुविधा प्राप्त हुई है। विशेषकर तरकेरा मंदिर के भक्तजन इस पहल से बहुत प्रसन्न हैं। पहले सब्सटिट्यूट मार्ग एनएच के नीचे से के उपयोग के कारण दिनभर धूल मिट्टी उड़ती थी, जिससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती थी बल्कि मंदिर की साफ सफाई में भी दिक्कतें आती थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने के बाद स्थानीय और राष्ट्रीय मार्ग पर चलने वाले सभी वाहनों को सुगमता से आवागमन करने का अवसर मिला है। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्ट संगठन के महासचिव मानस महंती और राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के परिवहन सचिव मोहम्मद सलीम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हाई टेंशन विद्युत तारों को हटाने के बाद मार्ग पर गुजरने वाले लोगों के लिए जोखिम भरा माहौल भी समाप्त हो गया है। स्थानीय लोग इसे क्षेत्र के विकास और सुरक्षित आवागमन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं।

## मंदिर से गहने चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोसीर।** मंदिर में गहने चोरी करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर कोसीर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी से एक तोला सोने का हार व सोने की माला कुल कीमती 1 लाख 20 हजार रुपए को जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी भूलोचन रत्नाकर पिता शंकर रत्नाकर उम्र 24 साल ग्राम पाट थाना कोसीर जिला सारंगढ बिलाईगढ का रहने वाला है। दरअसल प्रार्थी भारसिंह यादव पिता गणेश राम यादव 60 साल निवासी पाट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 सितंबर की रात करीब 1 बजे ग्राम पाट मां दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति में पहने 1 तोला सोने का हार व 1 नग सोने की माला को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। घटन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसी बीच पुलिस को मुखिबर से सूचना मिली कि ग्राम पाट का भूलोचन रत्नाकर पिता शंकर रत्नाकर के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया है।

## प्रधानमंत्री को विकास का तोहफा देने के लिए धन्यवादः प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी

**राउरकेला।** प्रधानमंत्री द्वारा पुर्वोदय पहल के तहत ओडिशा हमेशा विकास के केंद्र में रहा है। वैश्वीकरण में झारसुगुड़ा दौरे पर माननीय प्रधानमंत्री का आगमन हुआ। उनकी दृष्टि व मार्गदर्शन में राज्य तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है व नित नए आयाम गढ़ रहा है। नवरात्रि और दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने ओडिशा का दौरा किया और एक श्रृंखला में विकास परियोजनाओं की घोषणा की। जिनमें प्रमुख रूप से बरहमपुर से सूरत तक नई अमृत भारत एक्सप्रेस, विश्व स्तरीय कौशल विकास परियोजना, नई सेमीकंडक्टर पार्क, एमकेसीजी बरहमपुर और वीआईएमएसएआर बुर्ला को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेडएगंजाम जिले में पोर्ट आधारित एसईजेड की स्थापना एंव अंत्योदय आवास के लिए 50,000 लाभार्थियों को कार्य आदेश वितरण शामिल है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने इन सभी योजनाओं के प्रति ओडिशावासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया व कहा कि ये पहल ओडिशा की प्रगति व नवनिर्माण के नींव को और मजबूत करेंगे और समृद्ध ओडिशा के निर्माण की दिशा में नवमार्ग प्रशस्त करेंगे।

## कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता रैली



**जशपुरनगर।** शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से हुई। साफ सफाई के बाद एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिये ग्राम बाधरकोना में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर निक्की चौक, विष्णु बागान, तपकरा, बाधरकोना होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने साफ-सफाई और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। रैली के समापन के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माधुरी गुप्ता द्वारा छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।प्राचार्य ने कहा सफाई एक कार्य नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए एवं इसके लिए हमेशा दूसरों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए।

# समलाई मंदिर में 1001 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ में शारदीय नवरात्रि का महापर्व बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। बिलाईगढ़ स्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां समलाई मंदिर में 1001 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित है, दर्शन के लिए रोजाना आस्था का सैलाब उमड़ रहा है।

विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों में दुर्गा पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। वहीं सिद्ध शक्तिपीठ मां समलाई मंदिर में विभिन्न श्रद्धालुओं के द्वारा 1001 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया गया है, जिसे देखने दर्शन लाभ के लिए आस्था का सैलाब रोजाना उमड़ रहा है। बड़ी संख्या में भक्तजन सुबह से लेकर शाम तक दर्शन लाभ के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। समलाई मंदिर के ट्रस्ट प्रमुख भरत लाल देवांगन ने बताया कि इस साल मनोकामना ज्योति कलश में काफी इजाफा हुआ है। जो भी भक्त यहां पूरे आस्था एवम विश्वास के साथ आते हैं उनकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती है। इसीलिए ज्योति कलश की संख्या में तेजी से इजाफा हर साल हो रहा है। थाना मैदान में आर्शीवाद क्लब के द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर यहां रास गरबा



महोत्सव का भी आयोजन रोजाना किया जा रहा है, जोकि नगर में प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां माताएं, बहने बड़ी संख्या में रास गरबा में भाग ले रही हैं। जूनियर क्लब के द्वारा भी इंदिरा मार्केट में विशाल दुर्गा पंडाल लगाकर मां दुर्गा के भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त देवपारा, नगर पंचायत रोड टिकरीपारा, देवांगन मोहल्ला, ब्लॉक कॉलोनी बांग्ला भाटा, तालाब रोड, पुराना मंगल बाजार एवं टिकरीपारा में भी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा माता रानी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर बड़े धूमधाम से नवरात्रि का महापर्व मनाया जा रहा है।

शाम होते ही समलाई मंदिर एवं दुर्गा पंडालो में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं मांदर की थाप पर जसगीत एवं माता सेवा गीत से समस्त वातावरण भक्तिमय बन जा रहा है। थाना मैदान में रास गरबा उत्सव के साथ साथ वहां बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार की झूला एवं मिकी माउस आने से यहां नवरात्रि मेला का स्वरूप नजर आ रहा है। इसके अतिरिक्त गोविंदवन, बांस उरकुली, सूती उरकुली, धनसिर, सलिहा, परसापाली, बेल्टिकरी, पवनी, खजरी, पुरगांव, रामपुर, मल्दी आदि अनेक गांव में दुर्गा उत्सव की धूम मची है।

## माता कौशलेशवरी की दरबार में लग रही भक्तों की भीड़



**कोसीर।** कोसीर अंचल की आस्था का प्रमुख केन्द्र प्राचीन नगरी गाम कोसीर के इतिहास के आइने में मां कौशलेशवरी देवी मंदिर का एक विशेष नाम है, जो अलौकिक सूरम्य से परिपूर्ण है। माता के दर्शन मात्र से ही भक्तों की सारे संकट कट जाते हैं। जो भक्त माता के दर्शन कर सच्चे मन से आराधना पूजा अर्चना कर सुमिरन करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। विगत कई वर्षों की भांति इस शारदीय क्वार नवरात्रि पर्व में भी भव्य मेला का आयोजन किया गया है। नवरात्रि पर्व पर श्रदालुओं दारा ज्योति कलश प्रज्वलित कर इच्छित मनोकामना का वरदान अर्जित करते हैं। रात्रि में जसगीत गायन पार्टी दारा मनमोहक प्रस्तुति देकर माता की सेवा करते हैं। मंदिर युवा समिति व आयोजनकर्ताओं ने समस्त श्रदालुओं से विशेष अपील की है कि माता के दरबार आकर जसगीत नृत्य प्रस्तुत कर माता की दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें। **751 ज्योति कलश हुई प्रज्जवलितः** मां कौशलेशवरी की दरबार में इस बार 751 दिये प्रज्जवलित हुए हैं, जोकि आस्था व विश्वास के प्रतिक हैं। मां कौशलेशवरी की दरबार में प्रतिवर्ष विश्वास के ज्योति कलश जलाते हैं, जिसकी कृपा से भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं।

## पुलिस परिवार ने मां बंजारी धाम में कराया महाभण्डारा



**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल रायगढ़ पुलिस परिवार द्वारा महाभण्डारा में 7 हजार से अधिक लोगों को भंडारा कराया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल सपरिवार मुख्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर मनोकामना दीप गृह का दर्शन किए। तराईमाल की बेटियों द्वारा गरबा नृत्य हेतु पूजा अर्चना कर महाभण्डारा शुरुआत की गई। रात्रि 10 बजे तक करीबन 7 हजार लोगों को महाप्रसाद खिलाया गया। बता दें कि हर दिन दोपहर 12.30 बजे व संध्याकालीन आरती के बाद 8 बजे से 6-7 हजार आगंतुक श्रद्धालु भंडारा ग्रहण करते हैं। स्थानीय उद्योग सुनील स्पंज आयरन, जेपीएल, रायगढ़ इस्पात, सालासर स्टील, स्कैनिया स्टील, नवदुर्गा फ्यूल्स, अजय रोलिंग मिल, रुलामा धाम स्टील, बजरंग बंसल, सिंघल इंटरप्राइजेज द्वारा दी जा रही है। मां बंजारी समिति द्वारा सभी भक्तजनों के लिए पूजा अर्चना प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है। 30 सितम्बर मंगलवार को दुर्गाष्टमी संधि पूजा, रात्रि हवन पूजन 1 अक्टूबर बुधवार को प्रातः काल सामूहिक हवन पूजन, कन्या भोज के बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## सरिया में दुर्गोत्सव के 53 वर्ष पूरे, छठवें दिन की गई कात्यायनी के रूप में पूजा

**सरिया।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व इन दिनों सरिया क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। हर दिन मां दुर्गा के अलग अलग स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की गई। मान्यता है की मां कात्यायनी की आराधना करने से भक्तों की जीवन में रोग, शोक और भय का नाश होता है। नगर के सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बस्ती बीच का आज रविवार को शारदीय नवरात्र के छठवां दिन भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।

सरिया में सन 1972 से नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ तत्कालीन थाना प्रभारी श्री मौर्य एवं धर्म परायण स्वर्गीय किशन लाल अग्रवाल के द्वारा थाना परिसर में किया गया था। 2 साल श्री मौर्य ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने ही नेतृत्व में किया था। बाद में सोनार पारा के द्वारा सार्वजनिक दुर्गोत्सव के नाम से प्रारंभ किया गया। समय बीतता गया और सरिया में तरुण संघए युवक संघए जागृति क्लब के साथ.साथ नवयुवकों के द्वारा लगातार दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष दुर्गा उत्सव का 53 वर्ष पूरे हुए हैं। दुर्गोत्सव समिति अपनी परंपरा का निर्वहन कर धार्मिक एवं सामाजिक एकता का परिचय दे रहा है। नवरात्र के षष्ठी दिन रविवार को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया। जिसमें नगर सहित आसपास के श्रद्धालु माता बहन इसमें शामिल होकर पुण्य के भागी बने। जय माता दी के जयकारे घोष के साथ कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान एवं उनकी धर्मपत्नी भूमिसुता प्रधान ने मुख्य कलश धारण किया। तत्पश्चात माता बहनों सहित 10 वर्ष से लेकर 25 वर्ष की स्कूली छात्राओं ने भी कलश धारण कर दुर्गा पंडाल में स्थापित किया। यहां के भव्य कलश यात्रा को देखने के लिए दूर दराज से भी भक्तगण



पहंचे थे। रविवार को सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के द्वारा शुभ कलश पहाड़ तालाब से जल लाकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जहां नगर के विभिन्न स्थान में भक्तजनों के द्वारा कलश यात्रा का स्वागत रंगोली बनाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने माता रानी के दरबार में मत्था टेक कर भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने नगर एवं अंचल के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर समिति के संरक्षक नरेश प्रधान ने कहा कि नवरात्र का मूल ही स्त्री शक्ति की उपासना है। नवरात्र में हम संकल्प ले की बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिदिन सुनिश्चित करेंगे। महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथाए घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना है। यह संकल्प ही इस पर्व को सार्थक बना सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति अपने आप में देवी स्वरूप है। नवरात्र केवल एक धार्मिक पर्व मात्र नहीं बल्कि आत्म संयम, सामाजिक जागरुकता और परिवर्तन का अवसर है। दुर्गा पंडाल में कलश स्थापना के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कलश यात्री व श्रद्धालु जन भंडारा में भोजन ग्रहण कर पुण्य के पुन्य के भागी बने। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल की व्यवस्था नामदेव समाज सरिया एवं महालक्ष्मी पूजन समिति सरिया के द्वारा किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष लवलेश प्रधान, संरक्षक नरेश चंद्र प्रधान, अशोक नायक, मुरली पाणिग्राही, मोती स्वर्णकार, पुरुषोत्तम दास, देर्वाचन पटेल, शिव बैरागी, समीर नामदेव, दीपक गुप्ता, राहुल प्रधान, आशुतोष स्वर्णकार, किशन ईजारदार, सोमनाथ प्रधान, सीताराम प्रधान आदि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

## जैतपुर के मां जैताई मंदिर में जगमगा रही आस्था की ज्योति

**सरसींवां।** महानदी किनारे तक पर बसा गांव जैतपुर और सरसींवां से महज 9 किलोमीटर दूर स्थित है तट किनारे बना मंदिर आसपास क्षेत्र के गांव में प्रसिद्ध है। हम बात कर रहे हैं जैतपुर के मां जैताई मंदिर का, जैतपुर के रहने वाले पूर्वज गोवर्धन गौंटिया परिवार ने मंदिर की स्थापना करवाया था।

महानदी तट किनारे भव्य मंदिर का निर्माण कर मां जैताई मंदिर का स्थापना किया गया है। जहां नवरात्रि समय मंदिर में ज्योति जगमगाती रहती है और नौ दिनों तक श्रद्धालु भक्तों की भीड़ माता के दर्शन करने व लोग परिवार जनों के साथ पहुंच कर माता के मंदिर में मां से मन्नतें मांगते हैं। जैतपुर ग्राम पंचायत के रहने वाले एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पुरुष कंढु निषाद ने मंदिर के बारे विस्तार से बताया कि हमारे पूर्वज मां जैताई देवी की पूजा अर्चना किया करते थे। जिसके बाद से पूरे गांव



वालो ने मां जैताई मंदिर की सेवा भक्ति करने में आज तक लगे हुए हैं। बताया जाता है कि मां जैताई देवी की महिमा अपार है। जहां कोई भी श्रद्धालु भक्त अपने सच्चे मन से माता के मंदिर पहुंच कर मां से मन्नतें मांगता हैं उसकी मनोकामना अवश्य मां पूरी करती है। जहां मां जैताई मंदिर में हर साल ज्योति जलती है और मंदिर अन्दर ज्योति जगमगाती है। जहां कंवार नवरात्रि में हमेशा श्रद्धालु भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में बनी रहती है। जहां जैतपुर के रहने वाले लोगों ने बताया कि मां जैताई देवी की महिमा हमारे जैतपुर गांव में बना रखी है। लोगों ने बताया जाता है कि लोग महानदी में अपनी जान देने नदी में छलांग लगा देने वाले कई लोगों को मां की महिमा से जीवित नदी से निकाला गया है। मंदिर परिसर में उपस्थित ग्रामीण भक्तों ने मां की महिमा का गुणगान कर माता से अपने गांव व आसपास के गांव पर हमेशा आशिर्वाद बनाए जाने की बात बताई गई। वहीं मां जैताई मंदिर में वर्षों से मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले पुजारी अमृत लाल ने भी माता के महिमा के बखान कर माता के बारे बताया कि कोई भक्त सच्चे मन से मां के चरणों में आकर मन्नत मांगता है उसकी मनोकामना मां अवश्य पूरी करती है और हर वर्ष मकरसंक्रांति में तीन दिवसीय मेला भी लगता है।

## अभिषेक मांझी ओपीएससी में सफल, हासिल की 318वीं रैंक



**राजगांगपुर।** अरविंद विद्यालय के पूर्व छात्र अभिषेक मांझी ने इस वर्ष ओपीएससी (ओडिशा पब्लिक सर्विस कमीशन) परीक्षा में 318वीं रैंक हासिल कर विद्यालय एवं राजगांगपुर का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के अध्यक्ष दीनबन्धु सेनापति, उपाध्यक्ष रघुनाथ सामंतराय, संस्कृत शिक्षक डॉ. आशुतोष देवता, तापस कुमार बाबू, सुरेन्द्र दास, आदित्यनाथ गिरि एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों तथा कर्मचारियों ने अभिषेक को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिषेक मांझी, राजगांगपुर के बांठुपड़ा निवासी हैं। वे स्वर्गीय सुना चरण मांझी (सेवानिवृत्त ईपीएफ कर्मचारी, राउरकेला) एवं द्रौपदी लाकड़ा सेवानिवृत्त शिक्षिका) के कनिष्ठ पुत्र हैं।

## दिव्यांग श्रीकांत सहाणी को ओपीएससी में 308 वीं रैंक

**राजगांगपुर।** कठिनाइयों और अंधकार को मात देकर मंज़िल पाना असंभव नहीं—इस बात को सच कर दिखाया है राजगांगपुर के दिव्यांग युवक श्रीकांत सहाणी ने। दृष्टिहीन होने और आर्थिक तंगी से जूझने के बावजूद श्रीकांत ने ओडिसा प्रशासनिक सेवा परीक्षा ओएएस में 308वां स्थान प्राप्त कर न केवल शहर का नाम रोशन किया, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए।

श्रीकांत सहाणी बचपन से अंधे नहीं थे। पढ़ाई के प्रति गहरी रुचि रखने वाले श्रीकांत की दृष्टि धीरे-धीरे कमजोर हुई और कॉलेज के दौरान पूरी तरह से चली गई। आर्थिक तंगी और इलाज की कमी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं। पिता



रामधारी सहाणी पावरोटी और बिस्कुट बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन सीमित आय से बेटे की पढ़ाई और इलाज दोनों संभव नहीं हो पाए। कठिन हालातों में भी श्रीकांत ने पढ़ाई का सफर जारी रखा और बीकॉम व राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर किया। कोविड महामारी के दौरान उन्होंने यूट्यूब पर सुनकर ओएएस की तैयारी शुरू की। पिता और स्वयं को मिलने वाले दिव्यांग भत्ते से किताबें और अध्ययन सामग्री जुटाई। अथक मेहनत का नतीजा यह रहा कि 2023-24 में उन्होंने 308वीं रैंक हासिल कर इतिहास रच दिया। दुर्भाग्य से, उनके पिता दो साल पहले ही इस दुनिया से चले गए और अपने बेटे की सफलता का सपना पूरा होते नहीं देख पाए। सफलता पर भावुक श्रीकांत ने इसका श्रेय पिता, शिक्षकों और समाजसेवी किशोर महांती को देते हुए कहा कि वे आगे चलकर समाज के वंचित और दिव्यांग युवाओं के लिए काम करना चाहते हैं। श्रीकांत सहाणी की यह उपलब्धि साबित करती है कि इच्छाशक्ति और संघर्ष से कोई भी कठिनाई बड़ी नहीं होती।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिछोर उमरिया में कराया गया योगाभ्यास

## निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद एवं नियमित योगाभ्यास जरूरी

**रायगढ़।** आयुर्वेद औषधालय बुनगा के डॉ अजय नायक के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक दुलामनी रजक के द्वारा प्रातः 7.30 से 8.30 बजे तक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिछोर उमरिया में योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें लगभग 400 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

योग से जुड़े विभित्र आसान योग की विधि सहित भ्रामरी, भृस्तिका प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित विभिन्न आसनों जैसे हास्यआसान, चक्रासन, ताड़आसान, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, शीर्षाशन सहित सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। तदुपरांत डॉ जागृति पटेल ने किशोरी बलिकाओ को मासिकधर्म, महिलाओ, बलिकाओ को होने वाली रोग उनसे जुड़ी विभिन्न शंकाओ के बारे में विस्तार से चर्चा किए।



लगभग एक घंटे के सत्र में बलिकाओ ने उत्साह के साथ अपने समस्या को साझा किए। शिक्षिकाओ ने बलिकाओ को निर्भीक होकर समस्या बताने में बहुत ही महत्व पूर्ण योगदान दिए।

डॉ अजय नायक ने 9 वी से 12 वी तक लड़को के लिए युवा सवाद एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली से संबंधित आयुर्वेद के अनुरूप दिनचर्या, ऋतुचर्य, आहार विहार, घरेलू उपचार, औषधीय पौधों की जानकारी इत्यादि के बारे विस्तार से बताया गया। सभी बच्चों को योगाभ्यास, स्वस्थ्य जीवन शैली, रक्ताल्पता, इत्यादि के पंपलेट प्रदाय किया गया जो उनके दैनिक जीवन में अवश्य ही लाभकारी होंगे। डॉ नायक ने बताया कि निरोग रहने के लिए योग परम आवश्यक है। योग सिर्फ एक व्यायाम ही नहीं बल्कि जीवन में वैचारिक बदलाव का भी सशक्त माध्यम है। नियमित योग से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक शांति का मार्ग भी प्रशस्त होता है। स्कूली बच्चों को प्रतिदिन एक घण्टा योगाभ्यास के लिए प्रेरित भी किया गया। साथ ही अपने जीवन में आयुर्वेद के अनुरूप जीवन जीने एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति अपनाने के लिए अपील किया गया। आयुर्वेद के प्रति बढ़ते झुकाव को सराहनीय बताते हुए कहा आयुर्वेद पद्धति से इलाज जीवन शैली को परिवर्तित करता है।

## शहर की गंदगी तले दबी मासूमों की कब्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय संस्कृति में ऐसा माना जाता है कि मृत्यु पश्चात व्यक्ति को शांति मिलती है,हमारी संस्कृति में तो मृतआत्मा की शांति के लिए अनेकों उपाय भी किए जाते है।फिर इसमें उन मासूमों का क्या दोष जो न पूरी दुनिया देख पाए न ही दुनियादारी और दुनिया छोड़ चले गए,अब नगरपालिका उन्हीं मासूमों के कब्र पर शहर से इक्कठा किए गए कचरे का ढेर लाद रही है।कुछ महीने पहले ही यही।मासूमों के कब्रिस्तान के मुख्य गेट को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया था एवं नगरपालिका द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही दूसरा गेट लगाकर व्यस्था चुस्त दुरुस्त की जाएगी। गेट तो नहीं। लगा बल्कि शहर की गंदगी ही डंप होने लगी।



### क्या कहते है स्थानीय निवासी

स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र पाठक का कहना है कि नगर पालिका को कम से कम उन दिवंगत मासूमों को तो बॉक्स देना चाहिए जो अपनी अल्प आयु में तो कचरे और गंदगी के बीच रहे, कम से कम मृत्यु पश्चात तो उन्हें गंदगी से राहत मिले।उन बच्चों के मातापिता पर क्या बितती है जिनके बच्चो के कब्र पर कचरे का ढेर लाद होता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत का कहना है कि बिना जानकारी दिए कही भी कचरा डाल गंदगी फैलाना सरासर गलत है।नगर पालिका को कचरा डंप करने का स्थान अभी तक नहीं मिल पाया है,लेकिन बच्चो के कब्र पर कचरा डंप करना सरासर गलत है।



# आ गया बादशाह का नया गाना 'कोकैना'

**मुंबई।** हिप-हॉप स्टार बादशाह का नया पार्टी एंथम कोकैना रिलीज हो गया है। सारेगामा म्यूजिक द्वारा रिलीज किए गए इस गाने में बादशाह के साथ पंजाबी सिंगर सिमरन कौर ढडली और अभिनेत्री नताशा भारद्वाज भी हैं। पानी पानी जैसी हिट्स के बाद यह गाना बादशाह और सारेगामा म्यूजिक की एक और सफल पेशकश है। इस ट्रैक का म्यूजिक हितेन ने दिया है, जबकि इसकी कोरियोग्राफी पीयूष और शजिया ने की है। बादशाह ने कहा कि कोकैना जिंदगी और आज के पल का जश्न मनाने के बारे में है। गाने का म्यूजिक वीडियो अब यूट्यूब पर लाइव है और यह सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।



लाइफ Style

# मलाइका

## सिद्धू की अजब-गजब शायरी पर किताब लिखेंगी

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने नवजोत सिंह सिद्धू की शायरी पर किताब लिखने की इच्छा जताई है। बहुप्रतीक्षित इंडियाज़ गॉट टैलेंट का नया सीजन आखिरकार जल्दी शुरू होने वाला है, और मंच पर जोश, जुनून और जादू का माहौल है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान एक साथ आकर दर्शकों को प्रतिभा, ग्लैमर और मनोरंजन का शानदार संगम दे रहे हैं। हां भारत की कुछ सबसे अजब टैलेंट्स मंच पर गजब मोमेंट्स रच रही हैं, वहीं सिद्धू अपनी अनोखी शैली में शायरी की बौछार कर माहौल को और भी रंगीन बना रहे हैं। प्रतियोगियों की सांसें रोक देने वाली प्रस्तुतियों के बाद सिद्धू की दिल से निकली शायरियां हर प्रस्तुति को यादगार बना देती हैं। उनकी शायरी की अनवरत धारा ने न सिर्फ सभी को चौंका दिया है, बल्कि मलाइका को भी गहराई से प्रभावित किया है। अब वह सिद्धू की इन काव्य रचनाओं से प्रेरित होकर एक किताब लिखने की इच्छा जता रही हैं! एक ऐसे ही पल में, जब सिद्धू ने एक प्रस्तुति के बाद शायरी सुनाई, मलाइका खुद को रोक नहीं पाईं और बोलीं कि सारे जो आप बोल रहे हो न, मुझे लिखना है। प्रोमो में सिद्धू की एक प्रभावशाली पंक्ति दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग कि उन संघर्षों को दर्शाती है जो समाज की आलोचनाओं से दबे रहते हैं। यह पंक्ति प्रतिभाओं को प्रेरित करती है कि वे ऐसे बंधनों से ऊपर उठें और अपने सपनों को निडर होकर पूरा करें।

हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स का चौथा एपिसोड नवंबर को

**लॉस एंजिलस।** ऑडियंस की फेवरेट हॉलीवुड सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' लगातार 2016 से फैंस को एंटरटेन कर रहा है। अब इसका पांचवां और आखिरी सीजन भी दर्शकों के मनोरंजन के लिए तैयार है। नेल फिशर, जेक कोन्नेली, एलेक्स बॉक्स और लिंडा हेमिल्टन जैसे नए कलाकार इस सीजन का हिस्सा बनेंगे। बता दें, 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' को इस बार तीन हिस्सों में रिलीज किया जाएगा। इसका पहला पार्ट 4 एपिसोड्स के साथ 26 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने को तैयार है।



# लाइम रोग को मात देकर सैर पर निकलीं बेला हदीद

**लॉस एंजिलस।** मशहूर मॉडल बेला हदीद लाइम रोग के इलाज के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आईं हैं। हाल ही में इस मॉडल को पेरिस में सड़कों पर घूमते हुए देखा गया। इसी दिन बेला हदीद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा 'लंबे समय के बाद जिम में पहला दिन!' उन्होंने एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था 'मैं चल रही हूं और मेरी खोई हुई ताकत वापस आ रही है।' इस पोस्ट को उनकी मां योलांडा हदीद ने शेयर किया और लिखा 'बहुत खूब बेला... दिन में एक बार ही एक्सरसाइज करना।' आपको बता दें कि डच टीवी की मशहूर हस्ती योलांडा हदीद, बेला हदीद, गिगी हदीद और अनवर हदीद की मां हैं। साल 2012 से पहले वह लाइम रोग से पीड़ित थीं। इलाज के बाद उन्होंने लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया है। साल 2015 में उन्होंने जानकारी दी कि उनके दो बच्चे बेला हदीद और अनवर हदीद भी इस बीमारी से पीड़ित हैं।



# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी ओटीटी पर

**मुंबई।** अभिनेता वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। दोनों इन दिनों फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। उनकी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की रिलीज से पहले फिल्म की ओटीटी रिलीज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीद लिए हैं। लिहाजा सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का प्रीमियर नवंबर, 2025 के अंत तक किया जा सकता है।



# 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का आ रहा दूसरा भाग

**मुंबई।** भले ही शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की पहली वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' रिलीज के बाद से ही विवादों में है, लेकिन इसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। यह सीरीज 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसमें कुल 7 एपिसोड हैं। इसमें बॉबी देओल, लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल और सहर बंबा मुख्य भूमिका में हैं। अब आखिरकार 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के दूसरे भाग का ऐलान हो गया है।'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अभिनेता रजत बेदी ने भी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इसमें एक ऐसे गुमनाम अभिनेता जारज सक्सेना का किरदार निभाया है, जो 15 सालों से बेरोजगार है और बॉलीवुड में शोहरत पाने के लिए लगातार निर्माताओं का दरवाजा खटखटा रहा है। खास बातचीत में रजत ने सीरीज के दूसरे भाग पर मोहर लगा दी है।

टीवी मसाला

# मैं आध्यात्मिक हूं... तान्या ने बॉयफ्रेंड की बात पर मचाया रोना-धोना!

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के हालिया एपिसोड में तान्या मित्तल का एक अलग ही रूप देखने को मिला। क्लिप में मृदुल तिवारी ने तान्या मित्तल को नकली कहा और यहां तक कि उनके बॉयफ्रेंड को भी बातचीत में घसीट लिया। इसी बात को लेकर तान्या फफककर रोते हुए दिखाई दीं। ' बिग बॉस 19 ' का ताजा एपिसोड भावनाओं और ड्रामा से भरपूर रहा, जहां बिग बॉस ने घरवालों को एक खास मूवी नाइट का सरप्राइज दिया। कंटेस्टेंट्स के असली क्लिप दिखाए गए और कैप्टेंसी की दौड़ में शामिल लोगों को बजर बजाकर सवालों के जवाब देने थे ताकि वे दूसरों को चुनौती से बाहर कर सकें। पहली क्लिप में मृदुल तिवारी गौरव खन्ना पर भरोसा करते हुए दिखाई दिए, जहां उन्होंने तान्या मित्तल को नकली कहा और यहां तक कि उनके बॉयफ्रेंड को भी बातचीत में घसीट लिया। अभिषेक ने पहले बजर बजाया, सही जवाब दिया और कुनिका को तुरंत दौड़ से बाहर कर दिया। तान्या मित्तल को बहुत बुरा लगा और उन्होंने मृदुल से सीधे तौर पर कहा कि उनकी निजी जिंदगी को इस खेल में लाना गलत है। उन्होंने भावुक होकर कहा, 'तुम मेरे बॉयफ्रेंड्स को जानते तक नहीं, कोई अनजान आदमी तुम्हें बेतुकी बातें सुना रहा है। तुम कह रहे हो कि मेरे बॉयफ्रेंड ने मुझे 'नकली' कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैंने हमेशा लड़कों से दूरी बनाए रखी है। जो मेरे करीब रहे हैं, वे मुझे कभी नकली नहीं कह सकते। मैं यहां उन लड़के-लड़कियों के साथ रहती हूं जो गाली-गलौज करते हैं, लेकिन मैं मंदिर जाती हूं, मैं आध्यात्मिक हूं। मेरे वीडियो में भी तुम मेरे साथ कभी कोई लड़का नहीं देखोगे। मैं सिर्फ ज़ीशान जी और अमल का हाथ थामे रहती हूं, जिन्हें मैं भाई और अपना दोस्त मानती हूं।'



## 'बिग बॉस 19': आ रहे अभिषेक मल्हान, साथ होंगे हर्ष गुजराल

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। शो के प्रशंसकों को 'वीकएंड का वार' एपिसोड का बेसब्री से इंतजार रहता है, क्योंकि इसकी मेजबानी सलमान खान करते हैं। अब खबर है कि इस सप्ताह 'वीकएंड का वार' एपिसोड में 'बिग बॉस ओटीटी 2' के रनरअप और यूट्यूबर अभिषेक मल्हान बतौर मेहमान नजर आएंगे।हर्ष गुजराल होंगे साथ 'बिग बॉस 19' का हर छोटा-बड़ा अपडेट देने वाले अकाउंट 'बिग बॉस 24x7' ने बताया कि इस सप्ताह 'वीकएंड का वार' एपिसोड में 'बिग बॉस ओटीटी 2' के रनरअप रहे अभिषेक बतौर मेहमान दिखेंगे। इस दौरान उनके साथ स्टैंडअप कॉमेडियन और यूट्यूबर हर्ष गुजराल नजर आएंगे। दोनों शो के होस्ट सलमान के साथ मस्ती करते दिखाई देंगे।



# नवरात्रि अंजना सिंह का नया देवी गीत शितली मइया रिलीज

**पटना।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह अपने प्रशंसकों के लिए देवी गीत 'शितली मईया' लेकर आई हैं। इस भक्ति रचना को शिल्पी राज और लाडु मधेशिया ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है।



इन दोनों की जुगलबंदी ने गाने को एक अनोखी भक्तिमय ऊर्जा प्रदान की है। बोल का श्रेय शैलेश यादव लाला को जाता है, जिन्होंने सरल शब्दों में मां की महिमा का चित्रण किया है। वहीं, संगीत निर्देशन का जिम्मा वी.आर. वर्मा ने संभाला है। गाने की कोरियोग्राफी का कमाल सोनू प्रीतम का है, जिन्होंने इस भक्ति गीत को जीवंत कर दिया है। यह भक्ति गीत जियोसावन, एप्पल म्यूजिक, यूट्यूब, अमेजन म्यूजिक, और स्पॉटिफाई समेत कई प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। अंजना सिंह, जो 'लव और राजनीति' और 'मासूम हाउसवाइफ' जैसी सुपरहिट फिल्मों से सुपरस्टार बनी हैं, अब संगीत क्षेत्र में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। वीडियो में अंजना सिंह और गायक लाडु मधेशिया एक साथ नजर आ रहे हैं, जो माता के पंडाल में लीन होकर नाचते-गाते दिखाई दे रहे हैं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे दोनों कलाकार मां की आराधना में लीन नजर आ रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में जगमगाते दीपक, फूलों की मालाएं और मां की भक्ति में लीन लोग गाने को जीवंत बना रहे हैं।

# 'क्रू' के सीक्वल से तब्बू और कृति बाहर



**मुंबई।** करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की फिल्म 'क्रू' बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। तीन एयर होस्टेस के इर्द-गिर्द घूमती इस फिल्म से दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी जुड़े थे। अब खुशखबरी ये है कि फिल्म का सीक्वल बन रहा है और निराशा वाली बात है कि 2 अभिनेत्रियों का इससे पत्ता कट गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के दूसरे भाग में करीना ने खासी दिलचस्पी दिखाई है और वो 'क्रू' के दूसरे भाग में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाली हैं। हालांकि, अभी वो फिल्म का पूरा स्क्रीनप्ले सुनेंगी। उसके बाद इसे साइन करेंगी। 'क्रू' में करीना, कृति और तब्बू की जोड़ी का खूब जादू चला था। हालांकि, सीक्वल में तब्बू और कृति का होना मुश्किल लग रहा है। इन 2 अभिनेत्रियों की जगह कोई दूसरी लोकप्रिय अभिनेत्रियां फिल्म से जुड़ेंगी। रिपोर्ट्स की मानें रिया कपूर और एकता कपूर अब मिलकर 'क्रू' के सीक्वल की बड़ी योजना बना रही हैं। करीबी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि 'क्रू एक ऐसी फिल्म है, जो फ्रेंचाइज की शक्ल पाने की पूरी हकदार है। फिल्म की टीम ने कई सुझावों और विचारा पर गौर किया है और एक आइडिया फाइनल भी कर लिया है, जो इसे एक सफल फ्रेंचाइज बनाने की ओर लेकर जा सकता है।

## 'क्रू' ने बॉक्स ऑफिस पर की थी शानदार कमाई

फिल्म में करीना के साथ किन 2 अभिनेत्रियों को कास्ट किया जाएगा, अभी इस पर कोई खुलासा नहीं हुआ है, क्योंकि कास्टिंग पर काम जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' को 60 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था और इस फिल्म ने भारत में जहां 85 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं दुनियाभर में 151 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 'क्रू' ने साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड बनाया था।

## फिल्म ने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि पवन भी पर्दे पर छा गए

# ओजी स्टार पवन कल्याण की जबरदस्त फिल्में, एक से चमका करीना का कॅरियर

*मुंबई। साउथ के पावर स्टार पवन कल्याण ने अपनी फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने बॉक्स ऑफिस पर आते ही इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले दिन 90 करोड़ रुपये कमाकर इस साल की सबसे कमाऊ फिल्में 'छावा' से लेकर मोहित सूरी की 'सैयारा' तक तो पीछे छोड़ दिया है। आइए इसी बीच जानें पवन की उन धमाकेदार फिल्मों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि पवन भी पर्दे पर छा गए।*



### 'थोली प्रेमा'

साल 1998 में पवन फिल्म 'थोली प्रेमा' लेकर आए थे, जिसे 8.3 रेटिंग मिली है। ये तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। इसे तेलुगु सिनेमा की सबसे यादगार रोमांटिक फिल्मों में से एक माना जाता है। इसने तेलुगु में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 6 स्टेट नंदी अवॉर्ड जीते थे। भारत के 30वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इसकी स्क्रीनिंग हुई थी। जियो हॉस्टार और यूट्यूब पर ये फिल्म मौजूद है।

***'थोली प्रेमा' का हिंदी रीमेक थी करीना की ये सुपरहिट फिल्म :*** 'थोली प्रेमा' की लोकप्रियता देख इसे एक ओर जहां तमिल में डब किया गया, वहीं हिंदी में 'मुझे कुछ कहना है' नाम से इसका रीमेक बना, जिससे तुषार कपूर ने बॉलीवुड में कदम रखा और करीना कपूर के करियर में भी चार चांद लग गए।



### 'कुशी'

साल 2001 में आई पवन की 'कुशी' को 8.1 रेटिंग मिली है। इसमें अभिनेत्री भूमिका चावला उनके साथ थीं। ये उस समय की सबसे अधिक कमाई करने वाली तेलुगू फिल्म बनकर उभरी। 'कुशी' को 31 दिसंबर, 2022 में 4के में फिर से रिलीज किया गया था और इसने इस मामले में पवन की ही दोबारा रिलीज हुई फिल्म 'जलसा' को पीछे छोड़ते हुए री-रिलीज पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगू फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया था।



### 'गब्बर सिंह'

पवन ने साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों से नवाजा, लेकिन 2011 के आसपास उनका करियर कुछ खास नहीं चल रहा था और ये वो समय था, जब उन्हें एक अदद हिट की दरकार थी। ऐसे में सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दबंग' पवन के डूबते करियर के लिए संजीवनी बूटी साबित हुई थी। दरअसल, इसी फिल्म के तेलुगू रीमेक 'गब्बर सिंह' ब्लॉकबस्टर साबित हुई, जिसने उनका करियर फिर से खड़ा किया। इस फिल्म को 7.1 रेटिंग मिली है।



### 'थम्मुडु' और 'जलसा'

साल 1999 में आई पवन की फिल्म 'थम्मुडु' भी ब्लॉकबस्टर रही थी। फिल्म के संगीत को भी जमकर सराहा गया। इसकी लोकप्रियता का आलम ये था कि इसके तमिल, कन्नड़ और बंगाली भाषा में रीमेक बनाए गए। 'थम्मुडु' 1979 की अमेरिकी फिल्म 'ब्रेकिंग अवे' से प्रेरित थी। फिल्म को 7.9 रेटिंग मिली है। उधर 7.4 रेटिंग वाली इलियाना डिक्रूज संग आई पवन की 'जलसा' ने भी खूब धमाल मचाया था। अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद फिल्म के निर्माता थे।

खबर संक्षेप

## देश पॉलिसी पैरालिसिस से बाहर आया : ओपी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने मीडिया को दिए बयान में कहा मोदी का नेतृत्व केवल अच्छी नीतियाँ बनाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रगति पोर्टल को मिशाल बताते हुए मंत्री ओपी ने कहा रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा क्षेत्र जैसे सभी महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को सूचीबद्ध कर स्वयं प्रधान मंत्री जी मुख्य सचिवों के साथ कार्यों की समीक्षा करते हैं। आजादी के बाद दशकों तक अधूरी पड़ी सरदार सरोवर परियोजना का स्मरण कराते हुए कहा इस परियोजना का भूमिपूजन नेहरू जी ने किया था लेकिन नीतियों के अभाव की वजह से दशकों तक यह परियोजना अधूरी पड़ी रही। इस महत्पूर्ण परियोजना को पूरा करवाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। सरदार सरोवर परियोजना की तरह अधूरी पड़ी हजारों करोड़ रुपयों की वर्षों से अटके हुए सिंचाई प्रोजेक्ट्स को भी पूरा करने का काम मोदी सरकार ने किया हैं।

## केंद्रीय छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न

**राउरकेला।** हिंदी भाषाओं के सबसे बड़े पर्व छठ पर्व को केंद्रित कर केंद्रीय छठ पूजा समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राउरकेला व आसपास के के विभिन्न छठ घाटों पर सेवा कार्य करने वाले संगठन के सदस्य उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से दूत के संयोजक कृष्णा साहू को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया और उनके साथ सह कोर्डिनेटर का चुनाव अगले बैठक तक के लिए टाल दिया गया। बैठक में छेंड छठ घाट, स्वर्णकार युवा मंच, दुत, पदमपुर छठ घाट, विघापति घाट, गौपापाली घाट, बेलड़ी छठ घाट, बालु घाट एवं बिहारी समाज के कुछ संगठन भी सहयोग में है ब्रह्मर्षि समाज, भोजपुरी समाज, उतर भारतीय समन्वय समिति आदि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रशासन से जल्द से जल्द सम्पर्क कर सभी सभी घाटों के बारे में अवगत कराया जाएगा।

# स्वास्थ्य शिविर में 2266 गर्भवती महिलाओं की हुई स्क्रीनिंग

## संतुलित आहार नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के निर्देशानुसार जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के साथ साथ छत्तीसगढ़ की महतारी, हम सबकी जिम्मेदारी थीम पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 2266 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार कराया गया तथा गर्भावस्था के दौरान पोषण संबंधी जरूरी जानकारी दी गई। महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन और ऊंचाई की जांच की गई। साथ ही उन्हें आयरन, कैल्शियम टैबलेट दी गईं और स्वच्छता, तनाव प्रबंधन एवं प्रसवपूर्व तैयारी पर विशेष काउंसलिंग दी गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी निजी एवं शासकीय केंद्रों में कराई गई। उन्हें लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का विजिट भी कराया गया ताकि प्रसव से पहले मानसिक रूप से तैयार हो सकें। स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं से अपील की है कि वे इस अभियान का पूरा लाभ उठाएं और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें।



### संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया

गरबा महोत्सव में भी हुई स्वास्थ्य स्क्रीनिंग रामलीला मैदान रायगढ़ में नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित गरबा कार्यक्रम में भाग लेने वाली 48 महिलाओं की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई। वहां उपस्थित महिलाओं को सेट राइट एक्टिविटी, हेल्दी लाइफस्टाइल और पोषण पर परामर्श दिया गया। इसी तरह जिला जेल रायगढ़ में महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण और काउंसलिंग की गई। उन्हें तनाव प्रबंधन, संतुलित जीवनशैली और योग अभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# मां शेरोवाली के दरबार में मंगल पाठ

**कुड़ेकेला।** ग्राम कुड़ेकेला में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति शांति नगर कुड़ेकेला द्वारा नवरात्र का 32वां वर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में पंचमी के दिन शनिवार को अग्रवाल महिला मंडल कुड़ेकेला द्वारा मां राणी सती दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबा से आई हुई मंगल पाठ वाचक मोनिका अग्रवाल के द्वारा दादी का पाठ का गुणगान किया गया। सर्वप्रथम गणेश की वंदना एवं पितरों के भजन के साथ राणी सती दादी की पूजा अर्चना हुई एवं मंगल पाठ आरम्भ हुआ। मंगल पाठ में एक से बढ़कर एक भजनों जिसमें नारायणी को जनम हुओ, चली चली रे नारायणी पाठशाला रे मनिहारी का भेष बनाया, आज तनधन की शादी है, इन भजनों को सुनकर सभी झूमने और नाचने लगे, ज्ञात हो कि हर वर्ष मां शेरावाली के दरबार में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मंगल पाठ का आयोजन किया जाता है जिसमें भव्य झांकियां भी निकाली जाती है। जिसमें इस वर्ष बाजे गाजे के साथ नारायणी जन्म कृष्ण लीला एवं तनधन नारायणी की बारात के रूप में झांकी निकाली गई।




# बिलाईगढ़ पहुंच व नगर का मुख्य मार्ग ज़र्जर

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य मार्ग सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। इस सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं और उनमें कीचड. भर गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल बच्चों को हो रही है।

इस जर्जर सड़क की सुध लेने में जिम्मेदार अधिकारी, प्रतिनिधि भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिससे दिनोंदिन सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसी बात नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं है, वो भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उनकी चुप्पी समझ से परे है। कहने को तो सारंगढ़ बिलाईगढ़ सयुंक्त जिला बन गया है, लेकिन धरातल में कुछ कुछ भी नहीं है। जर्जर सड़क के जानलेवा गड्ढों में रोजाना लोग गिर कर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा पवनी से बिलाईगढ, दुम्हानी से बिलाईगढ, बांसुरकुली चौक से लेकर बिलाईगढ़ नगर के मुख्य सड़क भी अति जर्जर स्थिति में है। कई जगह तो सड़क डबरी में तब्दील हो गया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की बिलाईगढ आगमन पर अधिकारी के द्वारा गड्ढों में मरहम भरने का काम किया गया था, लेकिन कुछ दिन बात स्थिति जस की तस हो गई।



# उन्मुक्त वातावरण में परिवहन की व्यवस्था जारी रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

परिवहन की समस्याओं को लेकर राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न सदस्यों ने शहर एवं आसपास की परिवहन संबंधित व्यवसायियों के द्वारा रोष प्रकट किया गया। जिसमें खुले तौर पर एक सिंडिकेट के द्वारा उन्मुक्त रूप से टैक्स वसूला जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर राजकुमार यादव ने कहा कि आमतौर पर जहां परिवहन व्यवसाय में कार्य करने के लिए बैंक से विभिन्न प्रकार के ऋण लेकर एक से दो प्रतिशत की भी कमाई नहीं हो पा रही है वहीं बिना लागत के ही एक सिंडिकेट बनाकर विभिन्न यूनियननों के आड़ में वसूली का खुला खेल जारी है। जिससे राउरकेला जैसी लोहा मंडी से ऊंचे परिवहन दर के कारण बाजार खिसककर क्योझर, रायगढ़, झारसुगुड़ा व बरही जैसे बाजार को स्थानांतरित हो चुकी है। इस विषय पर लिखित रूप से प्रशासन को शिकायत पेश कर जरूरी कार्रवाई के लिए निवेदन का निर्णय लिया गया। विभिन्न स्तरों पर संलग्न विभागों को पत्र द्वारा इसकी सूचना जारी करते हुए इसे समाप्त करने की अपील की जाएगी। ज्ञात हो कि राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन समस्त भारत में परिवहन के कार्यादेश को दशकों से बखूबी निभाता आ रहा है, लेकिन बीते तीन चार वर्षो में कुछ यूनियनों का एक सिंडिकेट के रूप में परिवर्तित कर अनैतिक तरीके से व्यापारियों को डरा धमका कर स्थानीय यूनियन के नाम पर बाहरी गाड़ियों को सदस्य बना कर स्थानीय गाड़ियों के हक की बात रखकर प्रतिदिन 200 से 300 विभिन्न संयंत्र ट्रेड व्यवसाईयों से सीधे तौर पर वसूली किया जा रहा है। दुख का कारण यह है कि संलग्न सभी विभागों को इसकी जानकारी है, लेकिन लिखित शिकायत नहीं होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आने वाले समय में इस तथाकथित सिंडिकेट से कार्य नहीं करते हुए गाड़ियां आपूर्ति नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

